# फुटी में सुरक्षित और असुरक्षित व्यवहार

## मैं फुटी में वयस्कों से क्या उम्मीद कर सकता/सकती हूँ?

फुटी में आपको खेल से पहले, खेल के दौरान और खेल के बाद, मैदान में और मैदान से बाहर सुरक्षित तथा स्वागतमय महसूस करना चाहिए। हम चाहते हैं कि आप सुरक्षित रहें, सुरक्षित महसूस करें, सुरक्षित रूप से खेलें।

इसे संभव बनाने के लिए सभी वयस्कों से उम्मीद की जाती है कि वे इस तरीके से व्यवहार करें जो सुरक्षित है, उपयुक्त है, आपको बार-बार वापिस आने के लिए उत्सुक बनाता है और सफल बनने के लिए आपको सबसे अच्छा मौका देता है।

**आपको यह जानने की आवश्यकता है कि ये व्यवहार क्या हैं, क्योंकि अगर आप जानते/जानती नहीं हैं कि यह कैसा दिखाई देता है, तो आप कुछ कह नहीं सकते/सकती हैं।**

## AFL सुरक्षा आचार संहिता

### सुरक्षित व्यवहार

#### संपर्क

फुटी में सामान्य रूप से होने वाला शारीरिक स्पर्श, जो अन्य लोगों के सामने और आपकी सहमति से होता है।

इसमें बाजी लगाने, कुशलताएँ और तकनीकें दिखाने, चोट लगने से रोकने, या हाई फाइव्स या जीत की खुशी मनाने के लिए पीठ थपथपाना शामिल हो सकता है।

#### संचार

सकारात्मक, उपयोगी, और व्यक्तिगत रूप से आपके बजाय आपके फुटी के खेल पर ध्यान केंद्रित करने वाला मार्गदर्शन।


शांत और विनम्र भाषा, जिसे आप आसानी से समझ सकें।

ऑनलाइन संचार, जिसमें आपके माता-पिता/देखभालकर्ता शामिल हैं और जिसका उपयोग पूरी टीम के साथ किया जाता है।

#### सीमाएँ

जब किसी वयस्क की सीमाएँ सुरक्षित या अच्छी होती हैं, तो इसका मतलब है कि:

- उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि आप उनकी भूमिका को समझते/समझती हैं
- वे पेशेवर तरीके से व्यवहार करते हैं – दोस्ताना, लेकिन दोस्त नहीं
- वे टीम में सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करते हैं
- वे नियमों का पालन करते हैं, जैसे आपके बारे में जानकारी साझा करना, या केवल आपकी अनुमति से ही आपकी फोटो खींचना और केवल तभी, जब यह फुटी के संबंध में हो
- वे आपके आस-पास होते समय या अपनी जिम्मेदारी के तहत आने वाले अन्य युवा लोगों के आस-पास होते समय हमेशा उचित व्यवहार करते हैं।



### असुरक्षित व्यवहार

#### संपर्क

ऐसा कोई भी स्पर्श, जिसके लिए आपकी सहमति नहीं है, या जिससे आपको असहज महसूस होता है।

ऐसा कोई भी स्पर्श जो यौन प्रकृति का महसूस होता है, जिसमें आपके गुप्तांग शामिल हैं, या जिससे आपको शर्मिंदगी महसूस होती है।

ऐसा कोई भी स्पर्श जो निजी स्थान में होता है, जैसे चेंजरूम या कार में।

#### संचार

ऐसी कोई भी भाषा या संचार, जो आपको असहज, चिंतित, भयभीत या शर्मिंदा महसूस कराता है।

ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप में यौन या निजी प्रकृति कि कोई भी टिप्पणी।

आपके साथ ऐसा कोई भी संपर्क, जो फुटी से संबंधित गतिविधियों के बाहर (जैसे देर रात में) होता है, निजी चैट प्लेटफॉर्मों (जैसे सोशल्स या टेक्स्टिंग) के माध्यम से होता है, सीमा के पार या अत्यधिक होता है, अथवा व्यक्तिगत बातों के बारे में होता है, जिनका फुटी से कोई लेना-देना नहीं है।

#### सीमाएँ

जब किसी वयस्क की सीमाएँ असुरक्षित या खराब होती हैं, तो इसका मतलब है कि:

- वे आपकी तरफदारी करते हैं, आपसे अलग व्यवहार करते हैं या आपको विशिष्ट महसूस कराते हैं
- आपसे उपहार लेते हैं अथवा आपके या आपके परिवार को उपहार देते हैं
- फुटबॉल से संबंधित गतिविधियों के बाहर आपसे संपर्क करते हैं, जिसमें सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क भी शामिल है
- आपके और आपके परिवार के लिए ऐसी बातों में सहायता प्रस्तुत करते हैं, जो उनकी भूमिका से परे है (घर के काम-काज में सहायता करना / पैसे देना / सामान खरीदना)।

## सुरक्षित व्यवहार

### निगरानी

फुटी में जो वयस्क आपकी निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें:

- हमेशा यह पता होना चाहिए कि आप हर समय कहाँ हैं
- आपको बाथरूम या चेंजरूम का उपयोग करने के लिए निजता देनी चाहिए, लेकिन फिर भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप सुरक्षित हैं
- जब तक आपको एकत्र न कर लिया जाए, तब तक आपके साथ प्रतीक्षा करनी चाहिए
- आपको केवल तभी लिफ्ट देने का प्रस्ताव देना चाहिए, जब उनके पास लाइसेंस हो और उनकी कार बीमाकृत हो और आपके परिवार तथा क्लब में अन्य किसी व्यक्ति को इसके बारे में पता हो।

### परिवेश

फुटी में युवा लोगों के लिए सुरक्षित परिवेश वह होता है, जो:

- अलग-अलग पृष्ठभूमियों के लोगों के लिए सुलभ जगह है और जिसका उपयोग करने में वे सहज महसूस करते हैं
- मजेदार फुटी यात्राएं हैं, लेकिन फिर भी युवा लोगों के भाग लेने के लिए सुरक्षित हैं
- ऐसे शिविर हैं, जहां आपको निजता दी जाती है, आपको स्वागतमय महसूस कराया जाता है और जब आपको घर पर फोन करने की ज़रूरत हो, तो आप ऐसा कर सकते/सकती हैं
- मैदानों में कपड़े बदलने की सुविधाएँ हैं, जो किसी भी लिंग के लिए उपयुक्त हैं
- ऑनलाइन स्थल हैं, जहां खुला और पारदर्शी संचार होता है और जिसकी निगरानी अन्य वयस्क कर सकते हैं।

## असुरक्षित व्यवहार

### निगरानी

जो वयस्क फुटी में आपकी निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें:

- अपने फोन या अन्य लोगों के कारण विचलित नहीं होना चाहिए
- छोटे बच्चों द्वारा बाथरूम का उपयोग करने से पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां कोई खतरे नहीं हैं
- आपको कभी भी अकेला नहीं छोड़ना चाहिए, भले ही आपको पिक अप करने में देरी हो जाए
- बिना अनुमति के अथवा एल्कोहल या मादक-पदार्थों के प्रभाव में होते हुए युवा लोगों को गाड़ी में नहीं ले जाना चाहिए।

### परिवेश

फुटी में युवा लोगों के लिए असुरक्षित परिवेश वह होता है, जो:

- ऐसी जगह है जहाँ विकलांगता-ग्रस्त लोगों को उपयोग करने में कठिनाई होती है या जहां अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों के लोगों को समावेशन न किया जाना महसूस होता है
- ऐसी फुटी यात्राएं, जिनमें एल्कोहल या मादक-पदार्थ शामिल होते हैं तथा स्थिति आसानी से हाथ से निकल जाती है और जहाँ किसी वयस्क द्वारा आपके या अन्य युवा लोगों की निगरानी नहीं की जाती है
- ऐसे शिविर, जहां आपको दंडित या अपमानित किया जाता है या आपको घर की याद दिलाई जाती है और असहज महसूस कराया जाता है
- मैदानों में कपड़े बदलने की ऐसी सुविधाएं, जहां कोई निजता नहीं होती है और जहाँ बच्चे, युवा लोग और पारलिंगी या गैर-बाइनरी के रूप में अपनी पहचान करने वाले असुरक्षित महसूस करते हैं
- ऐसे ऑनलाइन स्थल, जहां संचार का उपयोग एक-के साथ-एक, व्यक्तिगत तरीके से और फुटी से असंबंधित अनुचित सामग्री को साझा करने के लिए किया जाता है।

## अपनी आवाज उठाएँ

यदि आप अपनी सुरक्षा या किसी अन्य बच्चे या युवा व्यक्ति की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं, अथवा आपने कुछ देखा या सुना है जो सही नहीं लगता है, तो अपनी आवाज उठाना महत्वपूर्ण है:

माता/पिता, देखभालर्ता, परिवार के सदस्य या कोच, टीम प्रबंधक, अंपायर, अधिकारी या क्लब के प्रतिनिधि जैसे किसी भरोसेमंद वयस्क से बात करें।

अपनी चिंताओं को लिखें और उन्हें ईमेल या पत्र के माध्यम से अपने क्लब या संगठन के पास भेजें।

AFL के पास चिंता को व्यक्त करने के लिए इस क्यूआर कोड का उपयोग करें।

**किसी भी सुरक्षा-संबंधी पूछताछ के लिए childsafety@afl.com.au पर ईमेल भेजें।**

**1800 55 1800 (निःशुल्क) पर या www.kidshelpline.com.au पर किड्स हेल्पलाइन से संपर्क करें।**

**हमेशा की तरह ही, यदि किसी को तत्काल खतरा है तो पुलिस को 000 पर संपर्क करें।**